धनतेरस से शुरू होगा पांच दिवसीय दीपोत्सव

ग्राहकी से गुलजार हुआ बाजार

करेली, देशबन्धु। पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व का आगाज धनतेरस से होगा। इसे देखते हुए जिले के व्यापारिक मुख्यालय करेली में दीवाली का बाजार सज गया हैं। इस दिन अच्छी ग्राहकी की उम्मीद से बर्तन व्यापारियों ने इस बार बर्तनों का नया स्टॉक मंगवाया है। पिछले वर्ष के मुकाबले व्यापारियों को उम्मीद है कि इस बार धनतेरस पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ने से धन की वर्षा होगी।

त्योहार को लेकर मार्केट में चहल-पहल शुरू हो गई है। बाजार में स्थायी के अलावा अस्थायी दुकानें भी सजेगी. धनतेरस के मौके पर बर्तन की जमकर खरीददारी की जाती है।

इसे लेकर व्यापारियों के साथ-साथ लोगों ने भी जमकर तैयारियां कर ली हैं. बर्तन बाजार ही एक ऐसा बाजार है जहां बर्तनों का आकार सदियों से नहीं बदला लेकिन बदलते वक्त के साथ डिजाइन में तेजी से बदलाव आ रहा है।

नई पीढ़ी के किचन में डिजाइनर

बर्तन पहली पसंद बन गए हैं। स्टील, एल्युमिनियम के साथ फैंसी बर्तन अधिक पसंद किए जा रहे हैं. इसे देखते हुए मार्केट में डिजाइनर और फैंसी बर्तनों का स्टॉक प्रस्तुत किया गया है। दिवाली के बाद शुरू होने वाले वैवाहिक सीजन की डिमांड को देखते हुए भी माल मंगवाया गया है।

ग्राहकों को चाहिए नया-व्यापारी बताते हैं कि ग्राहकों को हमेशा कुछ न कुछ नया चाहिए रहता है. इसके चलते मार्केट में अधिक से अधिक वैरायटी उतारी जा रही है।

बर्तनों में ग्राहक जर्मन से बने हुए बर्तनों को भी अधिक पसंद करते हैं क्योंकि जर्मन, कॉपर, पीतल, कांसे की रीसेल करीब 60 प्रश मिलती है. इन धातुओं के बर्तनों को ग्राहक सोने की तरह मानते हैं. शादियों में बहुत से लोग बर्तनों को उपहार के रूप में देते हैं।

पंचधातु और एंटीक मूर्तियां कर रहीं आकर्षित कर रही है दिवाली में शुरू होने वाली खरीदी शादियों तक चलेगी. हर बार की तरह इस बार भी बर्तनों में दिवाली को देखते हुए खास डिजाइंस लाई गई हैं। वहीं मार्केट में पंचधातु, एंटीक मूर्तियां भी आई हैं जो कि ग्राहकों को काफी आकर्षित कर रही हैं।

हर तरफ बढ़ी महंगाई का असर बर्तन बाजार पर भी पड़ा है. धनतेरस में सभी छोटे-बड़े बर्तनों की खरीदी करते हैं। पिछले वर्ष के मुकाबले अभी पीतल, तांबा और स्टील की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। रॉ मटेरियल महंगे होने की वजह से भाव में वृद्धि होती जा रही है।

पहले जहां मार्केट में ग्लास, कटोरी की 15 डिजाइन हुआ करती थी, वहीं आज इसकी 50 से अधिक वैरायटी हैं।

विधायक दिनेश राय ने कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण आज

सिवनी, देशबन्धु। सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सोमवार को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया।

दोपहर को विधायक ने नगर के समीपस्थ ग्राम कंडीपार स्थित शासकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचकर कलेक्टर संस्कृति जैन, जिला पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता, जिला पंचायत सीईओ नवजीवन पवार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ चर्चा कर लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया।

ज्ञात हो कि आगामी 29 अक्टूबर को शासकीय मेडिकल कॉलेज सिवनी का

वर्चुअल लोकार्पण देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करकमलों से किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के महामहिम राज्यपाल मंगूभाई पटेल, प्रभारी मंत्री करणसिंह वर्मा एवं सिवनी-बालाघाट सांसद भारती पारधी की सिवनी में गरिमामय उपस्थिति रहेगी। इसके पश्चात विधायक मुनमुन बारापत्थर स्थित जिला भाजपा कार्यालय आयोजित पत्रकारवार्ता में जिलाध्यक्ष आलोक दुबे सहित वरिष्ठ नेताओं व पदाधिकारियों के साथ शामिल हुए।

सार-समाचार

सेमिनार : बोरगावं के ग्रामीण बच्चों को किया प्रोत्साहित

सौसर, देशबन्धु। ग्राम पंचायत बोरगाँव और आसपास के ग्रामीण प्रतिभाओं को शिक्षा के क्षेत्र मे नई ऊंचाइया प्रदान करने वाली संस्था विद्या स्थली कोचिंग क्लासेस मे कैरियर गाइडेन्स और मोटिवेशन पर सेमीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत् संस्था प्रमुख विकास सर के द्वारा मोटिवेशनल स्पीकर एड. मधुकर गायकवाड़ सर के स्वागत से हुई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गायकवाड़ सिविल सर्विसेज़ ट्यूटोरियल्स् के संचालक एड. मधुकर गायकवाड़ सर थे। सर ने अपने सम्बोधन मे कहा की जीवन मे प्रगति के लिए हमारी आदते अच्छी होनी चाहिए क्योकि हमारी आदते ही हमारा भविष्य तय करती है। दो घंटे चले इस कार्यक्रम मे बच्चों को मोटिवेट किया गया और कहाँ की जिस काम मे मन लगे उसे अपना लक्ष्य बनाये। इस दौरान संस्था प्रमुख विकास सर ने अपने अनुभव बताये। कार्यक्रम मे स्टॉफ के सभी विद्वतजनो और बच्चों ने कार्यक्रम के प्रति उत्साह दिखाया। इस अवसर पर बच्चों प्रश्न पूछे गये और उन्हे पुस्तके भेट की गई।बच्चों ने इस तरह के आयोजनों को भविष्य निर्धारण के लिए आवश्यक बताया। गायकवाड़ सर ने विकास सर को इस सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

छिंदवाड़ा यूनिवर्सिटी से वॉलीबाल खेलेंगी स्वाति कश्यप

सिवनी, देशबन्धु। झुंझुनू यूनिवर्सिटी राजस्थान में आयोजित बेस्ट जॉन वालीबॉल स्पर्धा जो कि दिनांक 27/10/24 से 30/10/24 तक आयोजित है जिसमें सिवनी जिले की स्वाति कश्यप अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करेंगे स्वाति कश्यप पिछले कई दिनों से बड़ी पुलिस लाइन सिवनी में वॉलीबॉल का प्रशिक्षण श्री अब्दुल हक खान जी द्वारा प्राप्त कर रही हैं इनकी इस उपलब्धि के लिए श्री बराती लाल अमोल चंद्र संगीता सिंह अब्दुल सलीम खान सहित अन्य खेल प्रेमियों ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

सुजीत जैन को प्रदेश नेतृत्व ने राजगढ़ जिला संगठन चुनाव निर्वाचन अधिकारी की सौंपी जिम्मेदारी

सिवनी, देशबन्धु। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुजीत जैन को प्रदेश संगठन द्वारा राजगढ़ जिले के लिए संगठन चुनाव जिला अधिकारी का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। गत दिवस भोपाल में प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, मुख्यमंत्री मोहन यादव, संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह, प्रदेश चुनाव प्रभारी विवेक शेजवलकर, सह प्रभारी श्रीमती अर्चना चिटणीस, भगवान दास सबनानी, सहित प्रमुख नेताओं द्वारा सभी जिलों में संगठात्मक चुनावों के लिए आयोजित बैठक में श्री सुजीत जैन कै यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। उल्लेखनीय है कि, सुजीत जैन वर्तमान में बैतूल जिले मे जिला संगठन प्रभारी का दायित्व सभांल रहें हैं। जबकि इसके पूर्व वे, उज्जैन ग्रामीण के निर्वाचन अधिकारी, ग्वालियर मे संगठन कार्यसमिति चुनावों के प्रभारी जैसे अनेकों महत्वपूर्ण दायित्वों का कार्यकुशलता पूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। ज्ञातव्य है कि, भाजपा में संगठात्मक चुनावों की एक पारदर्शी एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था है। ऐसे में प्रदेश संगठन द्वारा पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुजीत जैन की कार्य कुशलता, संगठनात्मक दक्षता और अनुभवों को देखते हुए उन्हें राजगढ़ जिले के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

राजपूत क्षत्रिय सभा गोटेगांव को मिला नया अध्यक्ष, दो वर्ष का होगा कार्यकाल

गोटेगांव, देशबन्धु। स्थानीय राजपूत क्षत्रिय महासभा के द्वारा नए अध्यक्ष का चयन किया गया वहीं राजपूत क्षत्रिय सभा के निवर्तमान अध्यक्ष स्व.विमलेश सिंह राजपूत के अचानक देवलोक गमन के बाद राजपूत क्षत्रिय सभा गोटेगांव का अध्यक्ष पद रिक्त हो गया था। जिसे भरने की प्रक्रिया दशहरा मिलन समारोह के अवसर पर आयोजित बैठक में प्रारंभ हुई, अध्यक्ष चुनने के लिए एक समन्वय समिति का गठन किया गया था, राजपूत क्षत्रिय सभा गोटेगांव के पूर्व अध्यक्ष एवं राजपूत क्षेत्रीय महासभा नरसिंहपुर के जिला अध्यक्ष ठा.इंद्रभूषण सिंह की अध्यक्षता में समन्वय समिति की बैठक 27 अक्टूबर 2024 रविवार को प्रखर गार्डन में आयोजित की गई, जिसमें,राघवेंद्र सिंह,चंदन सिंह,सुरेंद्र सिंह,सीताराम सिंह,रतन सिंह,भूपत सिंह,रमेश सिंह,ठा.लालसाहब सिंह राठौड़ आदि 9 सदस्यीय समन्वय समिति ने सर्वसम्मति से चंदली निवासी द्वारका सिंह राजपूत को आगामी 2 वर्ष के लिए राजपूत को अध्यक्ष नियुक्त किया, जहां नवनियुक्त अध्यक्ष की नियुक्ति से राजपूत समाज में हर्ष व्याप्त है उक्ताशय की जानकारी राजपूत क्षत्रिय सभा के जिला मीडिया प्रभारी मोहन सिंह राजपूत बगासपुर ने दी, साथ ही नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई भी प्रेषित की।

अधबनी नाली से दुर्घटनाओं की आशंका, ठेकेदार लापरवाह

गोटेगांव, देशबन्धु। स्थानीय नगर के भगतराम चौराहा से बैलहाई रोड रहवासियों के सुविधाओं के लिए रोड के साथ नाली निर्माण किया गया जिसमें नागरिकों के घरों में बारिश का पानी ना घुसे इसलिए नाली का कार्य किया जाना प्रस्तावित है,लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते नाली का निर्माण का कार्य अधूरा पड़ा है जिससे रहवासियों को समस्याओं को सामना करना पड़ रहा है।

इसको लेकर आसपास के रहवासियों ने कहा कि वर्तमान में रोड के किनारे स्थित दुकानों के सामने नाली निर्माण किया जा जाएगा परंतु पिछले एक माह से नाली को खोद गया है लेकिन ठेकेदार द्वारा नाली का निर्माण प्रारंभ नहीं हुआ है जिससे घरों से निकलने वाले बुजुर्गों एवं छोटे बच्चों का नाली में गिरकर दुर्घटना ग्रस्त होने का भय बना रहता है।

कई लोगों ने बताया कि छोटे बच्चे नाली में गिर भी गए हैं जिससे उनको चोट भी आई हैं। सड़क किनारे निवासरत रहवासियों के निकालने के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था ठेकेदार द्वारा नहीं की गई है इसलिए रहवासी छोटी-मोटे पत्थरों के टुकड़े एवं चीप रखकर आना जाना करने मजबूर हो रहे हैं।

रहवासियों ने बताया घरों में छोटे-छोटे बच्चों की आवाजाही के साथ-साथ बड़े बुजुर्गों का घर से अनेक बार आना जाना होता है और रोजाना छुटपुट घटनाएं हो रही है ऐसे में आगे भी कोई बड़ी दुर्घटना ना हो गौरतलब हो एक माह पूर्व भगतराम चौराहा से लेकर बैलहाई बाजार तक सड़क का निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा कर दिया गया है लेकिन उक्त नाली का निर्माण अभी तक नहीं किया गया है।

एमपीएल टूर्नामेंट में ब्वॉयज क्लब सिरमौर

सिवनी, देशबन्धु। एमपीएल टूर्नामेंट का फाइनल मैच को जीतकर सिवनी ब्वॉयज सिवनी सिरमौर बनी तथा जेस एलेवन उपविजेता रही। फाइनल मैच में जेस एलेवन के कप्तान अरुण यादव ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया जो बिल्कुल सही साबित हुआ। बॉयस क्लब ने निर्धारित 12 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 111 रन बनाकर जेस एलेवन को 112 रनो का लक्ष्य दिया। बॉयस क्लब की ओर से सचय ने सर्वाधिक 23 रनो की पारी खेली, जेस एलेवन की और से मन्नी ने 3 ओवर में 21 रन देकर 4 विकेट लिए वही सुनील सिंह ने भी 3 ओवर मै 19 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किए।

लक्ष्य का पीछा करने की जेस एलेवन की शुरुआत शानदार रही तीन ओवर में 42 रन बन चुकी थी। सुनील सिंह के आउट होने के बाद जैस एलेवन के विकेट पतझड़ की तरह गिरते चले गए । जेस एलेवन ने मात्र 12 ओवर मै 7 विकेट के नुकसान पर 87 रन ही बना पाई। बॉयस क्लब ने शानदार जीत से

टूर्नामेंट अपने नाम किया। जेस एलेवन की ओर से सुनील सिंह ने सर्वाधिक 36 रनों की पारी खेली। बॉयस क्लब की और से इमरान ढिल्लन ने तीन ओवर में 19 रन देकर चार विकेट प्राप्त कर मैन ऑफ द मैच बने।

बॉयस क्लब को विजेता बनने पर 31000 की नगद राशि और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। उपविजेता टीम जेस एलेवन को ?21000 नगद और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के बेस्ट खिलाड़ी सुनील सिंह टूर्नामेंट का बेस्ट बल्लेबाज इमरान ढिल्लन एवं बेस्ट गेंदबाज मन्नी चौरसिया को घोषित किया गया। इस मैच की निर्णायक शुभम बघेल और सद्दाम खान रहे। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि अजय बाबा पांडे संजय ठाकरे, एडवोकेट अखिलेश यादव, पूर्व पार्षद संजय खंडाईत, भीम भैया सुशील ठाकुर, प्रेस क्लब के अध्यक्ष अयोध्या विश्वकर्मा वरिष्ठ पत्रकार वाहिद खान, विक्की करपेती, पृथ्वीराज जगने और बिसेन जी रहे । समापन अवसर पर टूर्नामेंट के उपाध्यक्ष अरविंद राय ने टूर्नामेंट मै शामिल सभी टीमों का आभार माना।

आचार्य दीदी सम्मान समारोह आयोजित

लोधीखेड़ा, देशबन्धु। विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान केशव शिक्षा समिति महाकौशल प्रांत जबलपुर व्दारा मार्गदर्शित ग्राम भारती छिंदवाडा व्दारा संचालित श्री गुरुजी शिक्षण समिति सौसर व्दारा आयोजित ग्रामीण सरस्वती शिशु मन्दिरों का आचार्य/दीदी सम्मान समारोह विद्याश्री सेलिब्रेशन हाल लोधीखेड़ा में संपन्न हुआ।

जिसमे नाना अप्पा ठोम्बरे की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया,जिसमें विद्यालय के बहिनों व्दारा स्वागत गीत नृत्य प्रस्तुत किया गया। क्षेत्रीय मुख्य अतिथि अरूण पटेवार उपाध्यक्ष महाकौशल वनांचल शिक्षा सेवा न्यास जबलपुर व्दारा शिक्षा के साथ साथ संस्कार भी आवश्यक हैं इस विषय पर उद्धबोधन प्राप्त हुआ।

जिसमें 7 विद्यालय के 26आचार्य ,52 दीदी, सेवक सेविका 8 कुल 86 उपस्थित

रहे। द्वितीय सत्र एवं तृतीय सत्र में आज के समय में आवश्यक क्रियाकलाप आधारित शिक्षण के अंतर्गत सभी विषयों के ञ्जरूके माध्यमों से विषयो को समझाया गया।

जिसमे ग्राम भारती छिंदवाड़ा के अजय औरंगाबकर, डॉ.अरविंद फोले, नंदकुमार शुक्ला, डॉ विजय पराड़कर(कृषि अनुसंधान वैज्ञानिक), दिलीप चांद्रायण, रामदास ढोक, सहदेव डिगरसे एवं श्री गुरुजी शिक्षण समिति सौसर के बृजकिशोर सुधा, राजू बाविस्टाले,श्रीमती नीता बोड़खे, नंदकुमार राय, नरेश बोड़खे, पुरुषोत्तम माने, संयोजक मंडल से विट्ठलजी खोडनकर, ज्योत्सना काठोडे, गंगाधर धुर्वे सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य,आचार्य, दीदी, सेवक, सेविका का सम्मान किया गया। लोधीखेड़ा के प्राचार्य होमदेव होटे,संकुल प्रमुख नितेंद्र बोडे द्वारा मंच संचालन किया गया। अशोक लाखे, उमेश डोंगरे द्वारा सहयोग किया गया। शांति पाठ के साथ कार्यक्रम समापन किया गया।

हरेराम समीप की हिन्दी गजल पर एमफिल व पीएचडी

करेली, देशबन्धु। नर्मदा माटी के गौरव, साहित्य के शिखर, साहित्य रत्न हरेराम नेमा समीप की गौरवपूर्ण साहित्य यात्रा में नए आयाम के रूप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा दोहा और ग़ज़ल लेखन पर एमफ़िल हेतु तीन शोध सम्पन्न हुए हैं एवं अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा द्वारा समकालीन हिन्दी गजल और हरेराम समीप की गजलों का अनुशीलन विषय पर पीएचडी सम्पन्न हुई है।

उमाकांत गुप्ता ने समकालीन हिन्दी ग़ज़ल और हरेराम समीप की ग़ज़लों का अनुशीलन विषय पर पीएचडी डिग्री के लिए शोध कार्य सम्पन्न किया। विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा हिन्दी ग़ज़ल विधा को हिन्दी कविता धारा में मिलने वाली इस

मान्यता के लिए सभी हिन्दी विभागाध्यक्ष को श्री नेमा ने साधुवाद दिया है। विशेष रूप से प्रो.दिनेश कुशवाह, जो कविता में लय के सदैव पक्षधर रहे हैं। उम्मीद है कि ग़ज़ल के रास्ते समकालीन कविता में लय की वापसी होगी।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के शोध के उपरांत रीवा विश्वविद्यालय द्वारा श्री नेमा के ग़ज़ल लेखन पर यह महत्वपूर्ण कार्य हुआ है। जिसमें रीवा विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ राजकुमार आचार्य ने भी प्रसन्नता व्यक्त की है।

नरसिंहपुर जिले के मेख में जन्मे साहित्यविद श्री नेमा मूलत: करेली नगर के निवासी हैं और वर्तमान में देश की राजधानी दिल्ली के साहित्य के क्षितिज पर सुप्रतिष्ठित हैं। वाणिज्य एवं विधि से स्नातक, साहित्यरत्न, उर्दू अकादमी दिल्ली से उर्दू डिप्लोमा प्राप्त श्री नेमा की 50 पुस्तकों का प्रकाशन हो चुका है। जिसमें ग़ज़ल संग्रह, दोहा संग्रह, कविता संग्रह, कहानी संग्रह, आलोचना ग्रन्थ, सम्पादन, चुने हुए शेर पुस्तक श्रृंखला का सम्पादन आदि संग्रह सहित विविध भाषाओं की हिन्दी त्रैमासिक पत्रिका 'कथाभाषा' का सम्पादन, चर्चित दूरदर्शन धारावाहिक नक्षत्रस्वामी की पटकथा व गीत लेखन आदि प्रमुख हैं।

विभिन्न विश्वविद्यालयों के हिन्दी पाठ्यक्रम में इनकी पुस्तकें अनुमोदित, पुरस्कार व सम्मान प्राप्त हैं। हरियाणा साहित्य अकादमी का सर्वोच्च सम्मान 'महाकवि सूरदास सम्मान' पाँच लाख रुपए, राष्ट्रकवि मैथिलिशरण गुप्त राष्ट्रीय सम्मान सहित अन्य अनेक अकादमी पुरस्कार प्राप्त हैं। अपने कर्मक्षेत्र जवाहरलाल नेहरु स्मारक निधि, नई दिल्ली में कन्ट्रोलर आफ एकाउंट्स के पद से सेवानिवृत श्री नेमा की इस साहित्यिक उपलब्धि पर शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है।

दैनिक राशिफल

मंगलवार 29 अक्टूम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वादशी, नक्षत्र-उ.फा.।

मेष
आज आपका मन बेचैन रहेगा। किसी बात को लेकर कुछ ज्यादा ही इमोशनल रहेंगे। आज किसी के साथ वाद-विवाद में न उतरें।

वृषभ
आर्थिक कामों में आज कोई अड़चन आ सकती है। मित्रों और रिश्तेदारों के मिलने से मन खुश रहेगा। व्यापार में भागीदारी के काम में आपको लाभ मिलेगा।

मिथुन
आपके दिन का आरंभ शारीरिक और मानसिक स्वस्थता से होगा। आप खुश रहेंगे। परिजन और मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजारेंगे।

कर्क
आज आपके धन की आय कम और व्यय अधिक होगा। आंखों के दर्द रह सकता है। मानसिक चिंता भी रहेगी। वाणी में संयम बनाए रखें।

सिंह
आज आपके मन में क्रोध और आवेश की भावना रहेगी। लोगों के साथ संभलकर बातचीत करें। स्वास्थ्य की दृष्टि से आज का दिन शुभ नहीं है। मन में चिंता रहेगी।

कन्या
आपकी आज की सुबह आनंदप्रद और लाभप्रद रहेगी। व्यवसाय में लाभ होगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। उधार दिए पैसे वापस आ सकते हैं।

तुला
आज आपको शारीरिक और मानसिक सुख अच्छा रहेगा। व्यापार में आप उत्साहपूर्वक काम करेंगे।

वृश्चिक
आज विरोधियों और प्रतिस्पर्धियों के साथ वाद-विवाद में ना पड़ें। व्यवसाय में परिस्थिति अनुकूल नहीं होगी। संतान के साथ मतभेद हो सकता है।

धनु
आज आपको हर मामलों में सावधान होना पड़ेगा। क्रोध करने से हानि होने की आशंका बनी रहेगी। शारीरिक अस्वस्थता रह सकती है। बिजनेस में कर्मचारीयों का व्यवहार नकारात्मक रहेगा।

मकर
आज अपने प्रिय दोस्तों या रिश्तेदारों के साथ घूमने-फिरने का मन करेगा। वाहन-सुख मिलेगा तथा मान-सम्मान भी मिलेगा।

कुंभ
आज आपको काम में सफलता मिलेगा। इससे आपका यश बढ़ेगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। सामाजिकरूप से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

मीन
आज का दिन अच्छी तरह से गुजरेगा। कला के क्षेत्र में आपकी अभिरुचि बढ़ेगी। मित्रों से हुई मुलाकात आनंद देगी।

म.